प्रेस नोट

कोस्ट गार्ड पब्लिक स्कूल, दमन

कोस्ट गार्ड पब्लिक स्कूल की अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम राष्ट्रीय स्तर की सुब्रतो कप प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई

कोस्ट गार्ड पब्लिक स्कूल, दमन के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि विद्यालय की अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम ने यूटी स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है।

यूटी स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 05 अगस्त 2026 से 07 अगस्त 2026 तक माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल, सिलवासा में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद कोस्ट गार्ड पब्लिक स्कूल की अंडर-17 बालक एवं बालिका टीमों ने यूटी स्तर पर दमन का प्रतिनिधित्व किया।

अंडर-17 बालक टीम ने दीव को 2–0 से हराया, जबकि डीएनएच के विरुद्ध 0–2 से पराजय हुई। टीम ने प्रतियोगिता में उपविजेता (Runners-up) का स्थान प्राप्त किया।

अंडर-17 बालिका टीम ने दीव और डीएनएच दोनों के विरुद्ध 0–0 से ड्रॉ खेला। तीनों टीमों के अंक समान होने के कारण प्रतियोगिता के लागू फेयर प्ले/येलो कार्ड नियम के अनुसार परिणाम निर्धारित किया गया। दमन टीम को केवल 1 येलो कार्ड, जबकि दीव एवं डीएनएच को 2-2 येलो कार्ड प्राप्त हुए। इस आधार पर दमन की अंडर-17 बालिका टीम को विजेता घोषित किया गया और टीम ने राष्ट्रीय स्तर की सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

राष्ट्रीय स्तर की सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 18 अगस्त से 27 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित होगी, जिसमें कोस्ट गार्ड पब्लिक स्कूल की अंडर-17 बालिका टीम दमन का प्रतिनिधित्व करेगी।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि कोस्ट गार्ड पब्लिक स्कूल की अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम लगातार चौथी बार राष्ट्रीय स्तर की सुब्रतो कप प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई हुई है। यह विद्यालय के लिए एक उल्लेखनीय एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

हम सभी प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। उनके निरंतर सहयोग, मेहनत, अनुशासन, समर्पण और टीम भावना ने इस शानदार उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बालक टीम के प्रशिक्षक: श्री जिग्नेश पटेल
बालिका टीम की प्रशिक्षक: सुश्री पिंकी दरजी

जय हिंद!